# घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग, करणपुर में 18 सिलेंडर जब्त



श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर में रसद विभाग ने कार्रवाई कर 18 गैस सिलेंडर जब्त किए।

- जांच की गई तो 16 घरेलू गैस सिलेंडर, 8 उज्जवला गैस कनेक्शन की गैस कॉपी, एक हिसाब का रजिस्टर जिसमें गैस डिलीवरी का होना पाया गया

**श्रीगंगानगर,(कासं)।** खाद्य मंत्री और जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशानुसार जिले में रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए 18 गैस सिलेंडर सहित अन्य उपकरण बरामद किए।

राज्य सरकार के आदेशानुसार 17 से 27 सितम्बर तक सम्पूर्ण राज्य में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरूपयोग से हो रही दुर्घटनाओं तथा वाहनों में अवैध रिफिलिंग से जान-माल व राजस्व हानि को रोकने के लिये कार्रवाई की जा रही है। रसद अधिकारी सुश्री कविता सिहाग ने बताया कि ज़िला कलेक्टर के निर्देश पर अभियान के तहत श्रीकरणपुर तहसील की ग्राम पंचायत अरायण में बाबा रामदेव मंदिर के पास स्थित एक घर पहुंचे। घर पर घरेलू गैस सिलेंडर का भंडारण किया जाना पाया गया।

मौके पर रतिराम की उपस्थिति में जांच की गई तो 16 घरेलू गैस सिलेंडर, 8 उज्जवला गैस कनेक्शन की गैस कॉपी, एक हिसाब का रजिस्टर जिसमें गैस डिलीवरी का होना पाया गया। उन्होंने बताया कि रतिराम ने एचपी लक्ष्य गैस केसरीसिंहपुर से अनुबंध के आधार पर सब सेंटर होना बताया। जबकि मौके पर ही उक्त गैस एजेंसी के संचालक से बात करने पर उसने सब सेंटर दिए जाने से मना किया। इस पर रतिराम द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का अधिक संख्या में भंडारण करने पर 16 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसी क्रम में करणपुर तहसील में विभिन्न जगह निरीक्षण के दौरान होटल रिधि पर 2 घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में पाए गए। मौके पर उक्त सिलेंडरों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान सुरेश कुमार प्रवर्तन अधिकारी, पूजा अग्रवाल, धर्मपाल पूनिया प्रवर्तन निरीक्षक, सुश्री तारामणि परिहार प्रवर्तन निरीक्षक, अमरनाथ सहित अन्य मौजूद थे।

**अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई :** बीकानेर में घरेलू सिलेंडर की व्यावसायिक दुरूपयोग रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जांच दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर सामग्री जब्त की।

निरीक्षण के दौरान डूडी पेट्रोल पंप के सामने स्थित बिश्नोई टूर एंड ट्रेवल्स पर मुन्नीनाथ पुत्र लालनाथ निवासी मुरलीधर को मौके पर घरेलू सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करते पाया गया। निरीक्षण टीम ने मौके पर ही तीन एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रिक कांटा तथा एक रिफिलिंग मशीन जब्त की। वहीं भूतनाथ मंदिर के पीछे हीरालाल माली की दुकान पर निरीक्षण के दौरान मौके पर पुनीत बिश्नोई पुत्र नरसीराम निवासी जंभेश्वर नगर से पांच घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक गैस रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। दोनों प्रकरणों में जब्त सामान को वैद्य मघाराम गैस एजेंसी के गोदाम में सुरक्षित रखने के लिए सुपुर्द कर पाबंद किया गया कि न्यायालय से आदेश प्राप्ति तक जब्त सामान को यथावत रखा जाए।

जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि सघन निरीक्षण अभियान के तहत वल्लभ गार्डन में बी.आर. हेयर कटिंग सैलून की दुकान के पीछे एक छोटी दुकान पर औचक निरीक्षण के दौरान राकेश नायक पुत्र चंपाराम नायक निवासी गली नंबर 6 अम्बेडकर कॉलोनी से घरेलू सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग करते हुए पकड़ा गया।

जांच टीम ने मौके पर तीन एलपीजी गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक गैस रिफिलिंग मशीन को जब्त किया गया। जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि एलपीजी वितरण एवं आपूर्ति विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन पाये जाने पर यह समस्त मशीनें जब्त करने की कार्रवाई की गई और जब्त सामग्री को अनूप भारत गैस एजेंसी को सुपुर्द कर गोदाम में सुरक्षित रखवाया गया है। इस निरीक्षण दल में प्रवर्तन निरीक्षक पवन सुथार, जयसिंह और प्रखर भार्गव व कनिष्ठ सहायक नरेश कुमार शामिल थे।

## लॉटरी से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रियों का चयन

**बीकानेर,(कासं)।** देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से एक हजार 31 यात्रियों का रेल द्वारा तीर्थयात्रा हेतु तथा 206 यात्रियों का हवाई जहाज द्वारा तीर्थ यात्रा करने के लिए चयन किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दुलीचंद मीना की उपस्थिति में जिला स्तरीय समिति के समक्ष शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्राप्त आवेदनों में से कम्प्यूटर पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से यात्रियों का चयन किया गया। सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाइन आवेदन 23 सितम्बर तक प्राप्त किए गए।

हर जिले के लिए निर्धारित कोटा के अनुसार लॉटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यात्रा हेतु बीकानेर जिले से 3 हजार 298 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें तीर्थ यात्रियों के जीवन साथी व सहायक को मिलाकर कुल 5 हजार 478 यात्रियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। चयनित यात्रियों की सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। रेल के द्वारा 15 चयनित स्थानों के विकल्प यात्रियों को प्रदान किए गए हैं तथा हवाई यात्रा के द्वारा चयनित यात्रियों को काठमांडू नेपाल स्थित भगवान पशुपति नाथ के दर्शन करवाए जायेंगे। यह यात्राएं विभिन्न दिनांक पर अलग-अलग तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रस्तावित विभिन्न रेल गाड़ियों द्वारा करवाई जायेगी। जिसकी सूचना यात्रा दिनांक से पूर्व यात्रियों को विभाग द्वारा फोन करके दी जायेगी।

## सार-समाचार

### सेना भर्ती के बारे में जानकारी दी



सेना भर्ती बोर्ड से आये मेजर कुलबीर सिंह युवाओं को भर्ती के बारे में जानकारी दी।

**गंगानगर, (कासं)।** स्थानीय टैगोर पीजी महाविद्यालय में झुंझुनूं सेना भर्ती बोर्ड से आये मेजर कुलबीर सिंह द्वारा भारतीय सेना में सीनियर डिवीजन व जूनियर डिवीजन में किस तरह से कमीशन प्राप्त किया जाता है तथा भारतीय सेना में अग्निवीर तकनीकी ब्रांच, हवलदार शिक्षक की भर्ती प्रक्रिया के बारे में छात्र-छात्राओं व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को अवगत करवाया और भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय उपनिदेशक गगन सिंह, प्राचार्य डॉक्टर गुरमीत सिंह, उप्राचार्य पुरुषोत्तम सिंह, एनएसएस प्रभारी धनेश्वर सेवटा व अन्य व्याख्याता गण उपस्थित थे। महाविद्यालय उप निदेशक द्वारा भर्ती कार्यालय से आये हुए अधिकारियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि देश की सेवा ही सर्वोच्च सेवा है। जिसे आप सेना में जाकर व आपको समाज द्वारा सौंपे गए कार्यों को सही तरीके व ईमानदारी से करके भी देश की सेवा की जा सकती है। देश की सेवा का जज्बा हमारे मन मस्तिष्क में होना चाहिए और अंत में महाविद्यालय उप निदेशक व प्राचार्य द्वारा आये हुए भर्ती अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

### परिवार से लापता बुजुर्ग को मिलाया



अपना घर आश्रम नोखा में एक महीने से लापता तुलछाराम को लेने के लिए भांजा भंवरलाल आया।

**नोखा, (कासं)।** करीब एक महीने से घर से लापता बुजुर्ग से उनके परिवार का मिलन हो गया। करीब 60 साल के हो चुके तुलछाराम 01 सितम्बर को समाजसेवी संजय चौधरी को मिले थे। संजय ने उन्हें अपना घर आश्रम नोखा में भर्ती करवाया। आश्रम समिति ने उनकी काउंसलिंग कर घर का पता पूछा। मामाजी के मिलने की जानकारी प्राप्त होते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। आश्रम में काउंसिलिंग के दौरान, प्रभु जी ने अपने घर का पता गांव पांचू, जिला बीकानेर बताया। आश्रम से जुड़े कार्यालय प्रभारी अशोक बिश्नोई ने तुलछाराम प्रभुजी के घर सूचना भिजवाई कि उनके मामाजी अपना घर आश्रम नोखा में सेवा ले रहे हैं। उनके भांजे भंवर लाल ने अपना घर आश्रम में तुलछाराम प्रभुजी को लेने के लिए आए। अपना घर आश्रम नोखा की कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद प्रभुजी को अपने भांजे के साथ उनके बताये पते गांव पांचू के लिए सकुशल रवाना किया गया। उनके परिजनों ने अपना घर आश्रम नोखा का आभार प्रकट किया।

### जयंती पर लता, रफी के गूंजे तराने

**बीकानेर, (कासं)।** अमन कला केन्द्र द्वारा महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में पार्श्व गायिका लता मंगेशकर के 95 वी जयंती जन्मदिन व देव आनंद की 101 वी जयंती, मो. रफी शताब्दी वर्ष के अवसर पर रंगारंग फिल्मी गीतों का प्रोग्राम गाता रहे मेरा दिल आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर राजेश मुंजाल थे। अध्यक्षता हाजी अयूब अली सोढा डायरेक्टर होटल बाबू पैलेस व नारायण बिहानी ने की। विशिष्ट अतिथि शांति लाल मोदी पार्षद वार्ड नंबर 66, डॉ श्याम अग्रवाल, सैयद अख्तर अली, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ मुकेश सिंघल, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी यशपाल नागपाल डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी डॉ हिमांशु दाधीच मो. सदीक चौहान, एम. आर. मुगल, संजीव ऐरन, एम. आर. कुकरेजा थे। कार्यक्रम में बीकानेर के जाने माने गायक कलाकार सिराजुदीन खोखर, अहमद हारून कादरी, ख्वाजा हसन कादरी, अनवर अजमेरी, आई. एम. रफीक कादरी, कैलाश खरखोदिया, राजेश अरोड़ा, डॉ तपस्या चतुर्वेदी, सुमन पवार, दीप माला, गोपिका सोनी, दीपक खत्री, एम. आर. कुकरेजा, दिव्यांशु अग्रवाल, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी, डॉ हिमांशु दाधीच, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी, नारायण बिहानी ने मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर के गाये व देव आनंद पर फिल्माए गीत पेश किए। कार्यक्रम का संचालन एम रफीक कादरी ने किया।

### संगठन महामंत्री से मिले जोशी

**बीकानेर, (कासं)।** भाजपा आईटी विभाग के प्रदेश में संयोजक अविनाश जोशी ने जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष से जयपुर में मुलाकात की। जोशी ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री को आईटी विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न प्लेटफार्म्स के माध्यम से पार्टी की दिशा-निर्देशों और सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के सदस्यता अभियान में आईटी विभाग की भूमिका के बारे में बताया और विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष गुरूवार को जयपुर के प्रवास पर थे।

# सड़क सुरक्षा कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें : कलेक्टर

- कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा की
- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान के निर्देश दिए

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। नोन वेडिंग जोन, बाल वाहिनियों और चालकों के स्वास्थ्य की जांच सहित यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराए। इन कार्यों में लापरवाही पाए जाने और उनसे दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

कानाराम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एक दुर्घटना में एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे परिवार को नुकसान होता है। इसलिए नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाए। सड़कों पर अभी भी आवारा पशु नजर आ रहे हैं, उन्हें गौशालाओं में भिजवाएं।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजकीय कार्यालयों में वाहन चालक बिना हेलमेट नहीं आए। कार चालक सीट्ट बैल्ट अवश्य लगाए। सड़क एजेंसियां सड़क किनारे फैली झाड़ियों को तुरंत हटवाए। यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान बनाए। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव ने गत बैठक के निर्देशों पर हुई प्रगति की जानकारी दी। नगर परिषद आयुक्त, जिला परिवहन अधिकारी, रिडकोर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आरएसआरडीसी अधिकारियों ने अपने कार्यों के बारे में बताया।

जिले में भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के लिए जिला कलेक्टर ने अहम निर्णय लिया है। उन्होंने निर्माण कार्यों की जांच के लिए संयुक्त दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दल की रिपोर्ट के बाद ही भवन संबंधित विभाग को सौंपा जाए। भवन, सड़क या अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं करें। जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, एनएचएआई, रिडकोर और आरएसआरडीसी के कार्यों की भी समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि दीपावली के एक सप्ताह पूर्व में सड़कों के मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश हैं। इसलिए कौताही नहीं बरती जाए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग एसई शीशपाल सिंह, अनिल अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव, जिला परिवहन अधिकारी संजीव चौधरी, नोहर डीटीओ नरेश बसवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पीबीएम में नेत्र जांच शिविर कल

**बीकानेर, (कासं)।** नेत्र रोग विभाग पीबीएम अस्पताल तथा सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेटिना दिवस के अवसर पर 29 सितम्बर को एक दिवसीय मधुमेह जांच शिविर का आयोजन सुबह 9 से 12 बजे तक किया जायेगा। इस शिविर में आने वाले मरीजों के आंख के पर्दे की जांच निःशुल्क की जायेगी।

नेत्र विभाग में प्रत्येक मंगलवार व गुरूवार को विभाग में आने वाले मरीजों के आंख के पर्दे की जांच नेत्र विभाग में निःशुल्क की जाती है। जो मरीज शुगर की बीमारी से ग्रसित है उनको निरन्तर अपनी आंख के पर्दे की जांच अवश्य ही करवानी चाहिये। इससे संबंधित जानकारी देते हुए विभाग के विभागाध्यक्ष कल्पना जैन ने बताया गया कि नेत्र विभाग में सभी जांचें निःशुल्क की जाती है। जिसके तहत अभी तक कुल 1000 मरीजों के पर्दे की जांच की जा चुकी हैं। इस शिविर में नेत्र रोग विभाग की रेटिना विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी कोचर, सह आचार्य नेत्र विभाग मरीजों की जांच करेगी।

## बापू की जयंती पर समरसता अवार्ड से नवाजेंगे

- इंडो-नेपाल समरसता यात्रा 2 अक्टूबर को राजघाट समाधि स्थल पहुंचेगी

**बीकानेर, (कासं)।** अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 अक्टूबर को भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच में सम्मिलित सांस्कृतिक शिष्टमण्डल के सदस्यों का सदस्यों को राजघाट पर श्रद्धासुमन के बाद समरसता अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

श्रद्धासुमन कार्यक्रम में बीकानेर का नेतृत्व कर्मयोगी, कर्मवीर, वास्तुविद, इंजीनियर कृष्ण कुमार शर्मा करेंगे। मंच के मुख्य सलाहकार, ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डू नेपाल के एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच में सम्मिलित सांस्कृतिक शिष्टमण्डल के सदस्यों को नई दिल्ली स्थित कृष्णन मेनन भवन सभागार में 'अहिंसा समरसता अवार्ड' अर्पित किया जायेगा।

समारोह के बाद इंडो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा राजघाट समाधि स्थल पहुंचकर सर्वधर्म समभाव प्रार्थना में सम्मिलित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। फिर राजघाट के मुख्य द्वार पर मीडिया से रूबरू होंगे।

राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच भारत का गौरव, प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्तों को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की 7300 दिवसीय कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए यात्रा व संगोष्ठियों का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के मीडिया प्रभारी एवं सदस्य चयन समिति के इंजीनियर एडवोकेट नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीकानेर के कृष्ण कुमार शर्मा भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुए गुरूकुल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी हैं।

## सड़क मरम्मत के लिए 16.40 करोड़ मंजूर

- बीकानेर जिले के 531 कार्यों के लिए 16.40 करोड़ रूपये मंजूर किए

**बीकानेर, (कासं)।** मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा अथवा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत और पुनरूत्थान के लिए उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी के निर्देश पर जिले के 531 कार्यों के लिए 1640.70 लाख रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

इसके तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड प्रथम बीकानेर उपखंड पूगल के 46 कार्यों के लिए 171.48 लाख, खंड प्रथम बीकानेर उपखंड खाजूवाला (दंतोर) के 53 कार्यों के लिए 126.23 लाख, खंड प्रथम बीकानेर उपखंड खाजूवाला के 103 कार्यों के लिए 218.42 लाख, खंड नोखा उपखंड कोलायत के 55 कार्यों के लिए 228.79 लाख, खंड द्वितीय बीकानेर उपखंड लूणकरनसर के 91 कार्यों के लिए 296.28 लाख, उपखंड नोखा के 183 कार्यों के लिए 599.50 लाख रूपए सहित कुल 1640.70 लाख रुपए तात्कालिक मरम्मत के लिए एसडीआरएफ से स्वीकृत किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि उक्त राशि का निर्धारण एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने तथा कार्य प्रारंभ किए जाने से 30 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रेबीज निरोधी टीकाकरण शिविर आज

**बीकानेर,(कासं)।** रेबीज जागरुकता एवं रोकथाम अभियान के तहत 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जायेगा।

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश हर्ष ने बताया कि रेबीज विषाणु जनित जानलेवा जूनोटिक बीमारी है। भारत में प्रतिवर्ष 25,565 व्यक्ति कुत्तों के काटने से मृत्यु को प्राप्त होते हैं। यह विश्व का 36 प्रतिशत है। रेबीज जागरूकता एवं रोकथाम अभियान के उद्देश्य से विश्व रेबीज दिवस प्रतिवर्ष 28 सितम्बर को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि श्वानों द्वारा काटने की घटनाओं में अत्यंत वृद्धि हुई है। टीकाकरण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय गोगागेट में किया जायेगा।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव कल से, कई कार्यक्रम होंगे

**बीकानेर, (कासं)।** श्री अग्रवाल सभा संस्थान द्वारा भगवान श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जायेगा। 29 सितम्बर रविवार को श्री अग्रसेन भवन में बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी द्वारा जयंती कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जायेगा।

इनमें स्वास्थ्य जांच शिविर, अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं, सम्मान समारोह होगा। भगवान अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह श्री अग्रसेन भवन, गोगागेट पर रात्रि 8 बजे होगा। जिसमें अग्रसेन का श्रृंगार, पूजन व आरती की जायेगी। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। समारोह में उद्यमियों, दानदाताओं, सेवाभावी समाजसेवियों, समाज की प्रतिभाओं तथा परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा। इसी दिन छोटे बच्चों की विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता रखी गई है। कार्यक्रम के अंत में लक्की डॉ निकाला जायेगा जिसमें दर्शकों का पुरस्कार दिये जायेंगे।

कार्यक्रमों के मुख्य संयोजक रामचंद्र अग्रवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा दोपहर 4 बजे श्री अग्रसेन भवन से रवाना होकर भीतरी शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए लगभग 7 बजे श्री अग्रसेन सर्किल, मॉडर्न मार्केट पहुंचेगी। जहां भगवान अग्रेसन की पूजा, आरती व प्रसाद वितरण के साथ यह यात्रा समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में सचेतन झांकियां से सेज रथ, घोड़ व दुपहिया वाहन पर सजातीय लोग शामिल होंगे।

शिविर संयोजक गिरधर अग्रवाल व तुषार अग्रवाल ने बताया कि रविवार को प्रात:10 बजे से एक बजे तक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें फिजिशियन डॉ बी. के. गुप्ता, डॉ ऋत्विक अग्रवाल, यूरोलॉजिस्ट डॉ मुकेश आर्य, डॉ संजीव छाबड़ा आर्थोपेडिक डॉ दिनेश अग्रवाल, ऑन्कोलोजिस्ट डॉ पंकज टांटिया, ईएनटी डॉ गीता सोलंकी तथा फिजियोथेरेपिस्ट कुलदीप शर्मा सेवाएं देंगे।

# प्राचीन सिक्के, नोट हमारी संस्कृति, सभ्यता का परिचायक : एस. सी. मेहता



राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस. सी. मेहता ने तीन दिवसीय बीकानेर मुद्रा महोत्सव का उद्घाटन किया।

- तीन दिवसीय बीकानेर मुद्रा महोत्सव का शुभारंभ
- प्रदर्शनी में सिक्कों, एंटिक आइटमों को देखने वालों का तांता लगा रहा

**बीकानेर, (कासं)।** प्राचीन मुद्राओं से उस काल की सभ्यता, संस्कृति, आदान- प्रदान की वाणिज्य व्यवस्था का ज्ञान होता है, जिस समय में वह प्रचलन में होते थे। मुद्रा चमड़े की भी चली, तांबा, पीतल, सोने और चांदी की भी ज्ञात होती है। इसके साथ धीरे-धीरे नोट भी प्रचलन में आए। यह सब संग्रहणीय वस्तु है, जिसे बीकानेर मुद्रा परिषद की प्रदर्शनी में देखकर मन को अच्छा लगा।

यह विचार राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी.मेहता ने शुक्रवार को बीकानेर मुद्रा परिषद द्वारा आयोजित की गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर उद्घाटन करने के दौरान कही। इस अवसर पर अतिथि उद्यमी कन्हैयालाल बोथरा, उद्योगपति बसंत नौलखा,जैन महासभा के पूर्व अध्यक्ष विजय कोचर, महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र जैन ने भी अपने विचार रखे। आयोजनकर्ता महेन्द्र बरड़िया ने बताया कि असानियों का चौक स्थित सूरज भवन में आठ साल बाद एक बार फिर विशाल सिक्कों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी तीन दिन तक सुबह 9 बजे से देर शाम तक आयोजित होगी। जहां कृषाण कालीन, मुगल, भारतीय, ब्रिटिश काल और आजादी के बाद से अब तक चलन में आये हर तरह के सिक्के, नोट आदि की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें कलकत्ता, मुंबई, सहारनपुर, गुजरात सहित राजस्थान के कई जिलों से संग्रहकर्ता भाग ले रहे हैं।

महेन्द्र बरडिया ने बताया कि आमजन सिक्कों के मूल्य को नहीं समझता है और उन्हें चंद रूपयों के लालच में गलत हाथों में सौंप देता है। हमारा प्रयास है कि हम अपनी धरोहर को बचाएं। इसलिए प्रदर्शनी में प्राचीन मुद्राओं को लाने वालों को विशेषज्ञ अच्छा मोल भी देते हैं। साथ ही धरोहर की कद्र करने वाले यहां से संग्रह की खरीद भी कर सकते हैं।

बरडिया ने बताया कि प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बधाई संदेश भेजा, वहीं विधायक जेठानन्द व्यास के प्रतिनिधि दुर्गाशंकर व्यास, वंदे मातरम मंच के विजय कोचर, पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सुबह से लेकर शाम तक संग्रहकर्ताओं के सिक्कों, एंटिक आइटमों को देखने वालों का तांता लगा रहा।

# खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : डॉ. राहुल हर्ष



जिला स्तरीय विद्यालयी भारोतोलन प्रतियोगिता के समापन पर समूह में खड़े प्रतिभागी।

**बीकानेर, (कासं)।** 68 वीं जिला स्तरीय विद्यालयी भारोतोलन प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को रंगाज फिजिकल क्लब में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ. राहुल हर्ष थे। अध्यक्षता जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास ने की। वरिष्ठ वेट लिफ्टिंग प्रशिक्षक रामविनोद शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान अंडर 17-19 वर्ग में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। डॉ. हर्ष ने कहा कि खेल, सकारात्मक जीवन जीने का आधार है। ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों से इनमें भागीदारी का आव्हान किया। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में खेलों को अपनाएं। इससे उनमें सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होगी। कोच शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी खेल खेलें और हमेशा नया सीखने के प्रयास करें। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करें। प्रतियोगिता संयोजक सुरेश जोशी ने 17-19 वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले के छात्र-छात्राओं का परिचय दिया। शारीरिक शिक्षक राजेन्द्र व्यास ने परिणामों की जानकारी दी। शाला प्रधान सरोज गोदारा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।